# 4. वाक्य

वर्णों, शब्दों तथा वाक्यों से मिलकर ही भाषा पूर्ण होती है। वर्णों के जुड़ने से शब्द तथा शब्दों के जुड़ने से वाक्य बनते हैं। शब्दों का सही क्रम में मेल ही सार्थक वाक्य की रचना करता है।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों से छोटे-छोटे वाक्य बोलने को कहें।
- ❖ आप ब्लैकबोर्ड पर किसी वाक्य के शब्दों को अलग-अलग या आगे-पीछे करके लिखिए और फिर बच्चों से उन्हें सही क्रम में जोड़कर बोलने को कहें।
- ❖ इस तरह बच्चे स्वयं शब्दों को सही क्रम में जोड़ना सीख पाएँगे।
- ❖ सभी बच्चों को इस गतिविधि का हिस्सा बनाने का प्रयास करें तथा प्रत्येक बच्चे पर अपना ध्यान दें।
- ❖ समझाएँ, सही क्रम में शब्दों के जुड़ने से ही वाक्य का अर्थ पता चलता है।
- ❖ तदुपरांत, पाठ पृष्ठ पर दिए चित्रों को दिखाकर उनके वाक्यों को बच्चों से मिला-मिलाकर पढ़वाएँ। पहले आप स्वयं पढ़ें फिर बच्चों से ज़ोर-ज़ोर से पढ़ने को कहें।
- ❖ अभ्यास करने में बच्चों की सहायता करें।